Deputy Jailor (Jail Deptt.) Comp. Exam - 2024 रविपालसिंह
Exam Date : - 13/7/2025

860481

प्रश्न-पुस्तिका संख्या व बारकोड /
Question Booklet No. & Barcode

**JDJ-25**

इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए । Do not open this Question Booklet until you are asked to do so.

| | |
|---|---|
| पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या | : 16 |
| Number of Pages in Booklet | : 16 |
| पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या | : 150 |
| No. of Questions in Booklet | : 150 |

**Paper Code : 88**

**Paper – I**
**Sub : General Hindi**

**समय : 03:00 घण्टे + 10 मिनट अतिरिक्त***
**Time : 03:00 Hours + 10 Minutes Extra***

**अधिकतम अंक : 200**
**Maximum Marks : 200**

प्रश्न-पुस्तिका के पेपर की सील/पॉलिथीन बैग को खोलने पर प्रश्न-पत्र हल करने से पूर्व परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि :
- प्रश्न-पुस्तिका संख्या तथा ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अंकित बारकोड संख्या समान हैं ।
- प्रश्न-पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के सभी पृष्ठ व सभी प्रश्न सही मुद्रित हैं । समस्त प्रश्न, जैसा कि ऊपर वर्णित है, उपलब्ध हैं तथा कोई भी पृष्ठ कम नहीं है/ मुद्रण त्रुटि नहीं है ।

किसी भी प्रकार की विसंगति या दोषपूर्ण होने पर परीक्षार्थी वीक्षक से दूसरा प्रश्न-पत्र प्राप्त कर लें । यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी । परीक्षा प्रारम्भ होने के 5 मिनट पश्चात् ऐसे किसी दावे/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

**On opening the paper seal/polythene bag of the Question Booklet before attempting the question paper, the candidate should ensure that :**
- **Question Booklet Number and Barcode Number of OMR Answer Sheet are same.**
- **All pages & Questions of Question Booklet and OMR Answer Sheet are properly printed. All questions as mentioned above are available and no page is missing/misprinted.**

**If there is any discrepancy/defect, candidate must obtain another Question Booklet from Invigilator. Candidate himself shall be responsible for ensuring this. No claim/objection in this regard will be entertained after five minutes of start of examination.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. **प्रत्येक प्रश्न के लिये एक विकल्प भरना अनिवार्य है ।**
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए । **एक** से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
4. **OMR** उत्तर-पत्रक इस प्रश्न-पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर-पत्रक निकाल कर ध्यान से केवल **नीले बॉल पॉइंट पेन** से विवरण भरें ।
5. कृपया अपना रोल नम्बर ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर सावधानीपूर्वक सही भरें । गलत रोल नम्बर भरने पर परीक्षार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा ।
6. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में करेक्शन पेन/व्हाईटनर/सफेदा का उपयोग निषिद्ध है ।**
7. **प्रत्येक गलत उत्तर के लिए प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।** गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है ।
8. **प्रत्येक प्रश्न के पाँच विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: 1, 2, 3, 4, 5 अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले (बबल) को उत्तर-पत्रक पर नीले बॉल पॉइंट पेन से गहरा करना है ।**
9. **यदि आप प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं तो उत्तर-पत्रक में पाँचवें (5) विकल्प को गहरा करें । यदि पाँच में से कोई भी गोला गहरा नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्रश्न के लिये प्रश्न अंक का 1/3 भाग काटा जायेगा ।**
10.* **प्रश्न-पत्र हल करने के उपरांत अभ्यर्थी अनिवार्य रूप से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक जाँच लें कि समस्त प्रश्नों के लिये एक विकल्प (गोला) भर दिया गया है । इसके लिये ही निर्धारित समय से 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है ।**
11. **यदि अभ्यर्थी 10% से अधिक प्रश्नों में पाँच विकल्पों में से कोई भी विकल्प अंकित नहीं करता है तो उसको अयोग्य माना जायेगा ।**
12. **मोबाइल फोन अथवा अन्य किसी इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।**

**चेतावनी :** अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए **राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम अध्युपाय) अधिनियम, 2022 तथा अन्य प्रभावी कानून एवं आयोग के नियमों-प्रावधानों** के तहत कार्यवाही की जाएगी । साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है ।

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. **It is mandatory to fill one option for each question.**
2. **All** questions carry equal marks.
3. Only **one** answer is to be given for each question. If more than **one** answers are marked, it would be treated as wrong answer.
4. The **OMR** Answer Sheet is inside this Question Booklet. When you are directed to open the Question Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with **Blue Ball Point Pen** only.
5. Please correctly fill your Roll Number in **OMR** Answer Sheet. Candidates will themselves be responsible for filling wrong Roll No.
6. **Use of Correction Pen/Whitener in the OMR Answer Sheet is strictly forbidden.**
7. **1/3 part of the mark(s) of each question will be deducted for each wrong answer.** A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question.
8. **Each question has five options marked as 1, 2, 3, 4, 5. You have to darken only one circle (bubble) indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLUE BALL POINT PEN.**
9. **If you are not attempting a question then you have to darken the circle '5'. If none of the five circles is darkened, one third (1/3) part of the marks of question shall be deducted.**
10.* **After solving question paper, candidate must ascertain that he/she has darkened one of the circles (bubbles) for each of the questions. Extra time of 10 minutes beyond scheduled time, is provided for this.**
11. **A candidate who has not darkened any of the five circles in more than 10% questions shall be disqualified.**
12. **Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt with as per rules.**

**Warning :** If a candidate is found copying or if any unauthorized material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would be liable to be prosecuted under **Rajasthan Public Examination (Measures for Prevention of Unfair means in Recruitment) Act, 2022 & any other laws applicable and Commission's Rules-Regulations.** Commission may also debar him/her permanently from all future examinations.

**उत्तर-पत्रक में दो प्रतियाँ हैं – मूल प्रति और कार्बन प्रति। परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा कक्ष छोड़ने से पूर्व परीक्षार्थी उत्तर-पत्रक की दोनों प्रतियाँ वीक्षक को सौंपेंगे, परीक्षार्थी स्वयं कार्बन प्रति अलग नहीं करें । वीक्षक उत्तर-पत्रक की मूल प्रति को अपने पास जमा कर, कार्बन प्रति को मूल प्रति से कट लाइन से मोड़ कर सावधानीपूर्वक अलग कर परीक्षार्थी को सौंपेंगे, जिसे परीक्षार्थी अपने साथ ले जायेंगे । परीक्षार्थी को उत्तर-पत्रक की कार्बन प्रति चयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक सुरक्षित रखनी होगी एवं आयोग द्वारा माँगे जाने पर प्रस्तुत करनी होगी ।**

Deputy Jailor (Jail Deptt.) Comp. Exam-2024
Exam Date :- 13/7/2025

860481

1. 'अग्नि' का पर्यायवाची शब्द नहीं है
(1) वह्नि (2) अभ्र
(3) कृशानु (4) पावक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

2. निम्नलिखित में से 'अर्कजा' किसका पर्यायवाची है ?
(1) गंगा (2) यमुना
(3) नर्मदा (4) कावेरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

3. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'इच्छा' का पर्यायवाची नहीं है ?
(1) लास (2) ईप्सा
(3) ईहा (4) स्पृहा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

4. निम्नलिखित में से सही विलोम शब्द नहीं है :
(1) अद्यतन – अनद्यतन
(2) हेय – उपादेय
(3) विकृष्ट – अनाकृष्ट
(4) सहयोगी – प्रतियोगी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

5. 'अनुरक्त' का उपयुक्त विलोम है
(1) आरक्त (2) विरक्त
(3) आसक्त (4) प्रतिरक्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

6. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द परस्पर पर्यायवाची नहीं हैं ?
(1) भूमिजा, उर्विजा, सिंधुजा
(2) आपगा, निम्नगा, समुद्रगा
(3) अमीकर, निशाकर, हिमकर
(4) कमलेश, हृषीकेश, गरुड़ध्वज
(5) अनुत्तरित प्रश्न

7. 'विहित' का विलोम है
(1) निर्दोष (2) निर्वाच्य
(3) न्यून (4) निषिद्ध
(5) अनुत्तरित प्रश्न

8. निम्नलिखित में से किस विकल्प में 'अक्षर' का अर्थ नहीं है ?
(1) तपस्या (2) मोक्ष
(3) रुद्राक्ष (4) जल
(5) अनुत्तरित प्रश्न

9. निम्नलिखित में से 'सुधा' का असंगत अर्थ-समूह है :
(1) अमृत, मकरंद
(2) दूध, रस
(3) वधू, चूना
(4) चन्द्रिका, मिसरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

10. निम्नलिखित में से 'चन्द्रमा' और 'कपूर' अर्थ का सूचक शब्द है :
(1) इन्दु (2) इन्द्र
(3) अब्ज (4) अर्क
(5) अनुत्तरित प्रश्न

11. निम्नलिखित में से अनेकार्थी शब्द की दृष्टि से बेमेल विकल्प है :
(1) कल = मशीन, चैन
(2) अम्बर = आकाश, वस्त्र
(3) कलम = लेखनी, आम
(4) शिलीमुख = बाण, भ्रमर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

12. विलोम की दृष्टि से असंगत विकल्प कौन सा है ?
(1) सुकर – दुष्कर (2) ख्यात – प्रख्यात
(3) व्यष्टि – समष्टि (4) विराट – वामन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**13.** निम्नलिखित में से किस विकल्प में शब्द–युग्म का अर्थ–भेद सुमेलित नहीं है ?

(1) मत–मत्त = राय–नशे में चूर

(2) वृत्त–वृंत = मंडल–डंठल

(3) प्रेषक–प्रेक्षक = देखने वाला–भेजने वाला

(4) झक–झख = धुन–मछली

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**14.** निम्नलिखित में से किस शब्द–युग्म का अर्थ बेमेल है ?

(1) ओर–और = तरफ–दूसरा

(2) अलि–आलि = कोयल–सखी

(3) आदि–आदी = अभ्यस्त–प्रथम

(4) अगम–आगम = जहाँ कोई जा न सके–शास्त्र

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**15.** निम्नलिखित में से शब्द–युग्म एवं उसके अर्थ की दृष्टि से असंगत विकल्प है :

(1) कहाँ–कहा = किस जगह–कथन

(2) वस्तु–वास्तु = पदार्थ–भवन

(3) अग–अघ = पाप–पर्वत

(4) आकर–आकार = खान–स्वरूप

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**16.** निम्नलिखित में से किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द असंगत है ?

(1) जिसका अनादर या अपमान हुआ हो – अनादृत

(2) जो निष्फल न हो – अमोघ

(3) जो बिगड़ा हुआ न हो – अविकृत

(4) स्वयं अपनी हत्या करने वाला – आत्महत्या

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**17.** कौन सा युग्म अर्थ की दृष्टि से सही है ?

(1) इंदिरा–इन्द्र की पत्नी इंद्रा–लक्ष्मी

(2) इतर–पुष्पसार इत्र–अन्य

(3) ऋत–सत्य ऋतु–मौसम

(4) उपेक्षा–तुलना में अपेक्षा–लापरवाही

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**18.** 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' के संबंध में असंगत विकल्प है

(1) आदि से अंत तक – अद्यतन

(2) जीतने की इच्छा – जिगीषा

(3) पैर से सिर तक – आपाद–मस्तक

(4) शीघ्र संतुष्ट होने वाला – आशुतोष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**19.** 'जहाँ आकाश और पृथ्वी मिले हुए जान पड़ते हों' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है

(1) क्षिप्र (2) क्षिप्रहस्त

(3) क्षितिज (4) क्षिति

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**20.** केवल पुल्लिंग शब्दों का समूह कौन सा है ?

(1) मकान, माला, लोहा

(2) तालाब, नदी, झील

(3) बचपन, भाषण, देश

(4) हाथ, आँख, कान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**21.** 'नित्य पुल्लिंग' रूप शब्द कौन सा है ?

(1) पक्षी (2) तितली

(3) मछली (4) संतान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**22.** किस विकल्प में सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?

(1) रोटी, रात, पानी

(2) आँसू, खेत, प्यास

(3) चमक, मोती, समझ

(4) उदासी, मिठास, पहचान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**23.** 'अनिश्चित जीविका' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है

(1) आकाशीय (2) आकाशवृत्ति

(3) आकाशचारी (4) आकाशमुखी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8604481

**24.** सदैव बहुवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है

(1) आँसू (2) वर्षा

(3) सज्जनता (4) भीड़

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**25.** किस विकल्प के सभी शब्द सदैव एकवचन क्रिया के साथ प्रयुक्त होते हैं ?

(1) समाचार, वायु, कृपा

(2) प्रेम, आग, दर्शन

(3) जनता, जल, आकाश

(4) दया, पवन, प्राण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**26.** 'दूध से दही बनता है' वाक्य में कारक है

(1) कर्ता (2) कर्म

(3) अधिकरण (4) अपादान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**27.** कारक की दृष्टि से असंगत है

(1) बालक खेलता है। – कर्ता कारक

(2) लड़के सैर को गये। – कर्म कारक

(3) उसने आँखों देखी बात कही। – करण कारक

(4) चोर सिपाही से डरता है। – अपादान कारक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**28.** 'वह चली है' वाक्य में कौन सा काल है ?

(1) आसन्न भूत

(2) संदिग्ध भूत

(3) तात्कालिक वर्तमान

(4) संदिग्ध वर्तमान

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**29.** किस वाक्य में संज्ञा बहुवचन रूप में प्रयुक्त हुई है ?

(1) लड़के पर अत्याचार मत करो।

(2) लड़के ने पढ़ाई की।

(3) लड़के पढ़ रहे थे।

(4) लड़के से पूछ लो।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**30.** निम्न में से रचना के आधार पर वाक्य का प्रकार है :

(1) विस्मयबोधक वाक्य

(2) इच्छार्थक वाक्य

(3) संयुक्त वाक्य

(4) प्रश्नवाचक वाक्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**31.** मिश्र वाक्य नहीं है

(1) जब सबेरा हुआ तब हम लोग बाहर गये।

(2) इस मेले का मुख्य उद्देश्य है कि व्यापार की वृद्धि हो।

(3) हम चाहते हैं कि लड़के निरोगी रहें और विद्वान् हों।

(4) उन्हें न नींद आती थी, न भूख-प्यास लगती थी।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**32.** 'नौकरी मिल जाती तो मेरा संकट कट जाता।' यह वाक्य का कौन सा प्रकार है ?

(1) निषेधवाचक वाक्य

(2) संकेतवाचक वाक्य

(3) विस्मयादिबोधक वाक्य

(4) संदेहार्थक वाक्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**33.** अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद नहीं है

(1) विधानार्थक (2) निषेधवाचक

(3) आज्ञार्थक (4) साधारण वाक्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**34.** निम्न में से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(1) अनाधिकार (2) रचियता

(3) दाइत्व (4) अंतरात्मा

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**35.** 'वह चलता होगा' वाक्य में क्रिया का काल-रूप है

(1) सामान्य वर्तमान (2) संदिग्ध वर्तमान

(3) अपूर्ण वर्तमान (4) सामान्य भविष्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8604481 8604481 8604481 8604481

**36.** इनमें से वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

(1) द्रष्टा (2) स्रष्टा

(3) अनुगृहित (4) संगृहीत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**37.** निम्न में से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(1) नुपुर (2) दिव्यस्त्र

(3) गृहणी (4) सरोजिनी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**38.** निम्न में से शुद्ध शब्द की पहचान कीजिए :

(1) दरिद्रता (2) पूज्यनीय

(3) सौंदर्यता (4) पौरुषत्व

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**39.** इनमें से वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(1) अतिश्योक्ति (2) सिंदुर

(3) ऊधम (4) अनुदीत

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**40.** निम्न में से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

(1) अँधेरा (2) आँतरिक

(3) सँवारना (4) छँटाई

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**41.** इनमें से वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(1) पिंजड़ा (2) अमावश्या

(3) बैदेही (4) निष्कपट

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**42.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द शुद्ध है ?

(1) राज्याभिषेक (2) अंतर्ध्यान

(3) उपलक्ष (4) अंताक्षरी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**43.** इनमें से वर्तनी की दृष्टि से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

(1) द्रष्टव्य (2) स्वेच्छिक

(3) द्वंद्व (4) झोंपड़ी

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**44.** अशुद्ध वर्तनी युक्त (सभी शब्दों वाले) विकल्प का चयन कीजिए ।

(1) अधीन, मैथिली, द्वारका

(2) प्रदर्शिनी, वापिस, महत्व

(3) युधिष्ठिर, विरहिणी, लौकिक

(4) मिष्टान्न, इन्दिरा, मुकुन्द

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**45.** वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द है

(1) अक्षोहिणी (2) शुश्रूषा

(3) आशीर्वाद (4) वाल्मीकि

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**46.** इनमें से कौन सा वाक्य व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध है ?

(1) आचार्य ने उनकी शिकायत को सुन ली ।

(2) महात्मा जी का दर्शन करके मैं धन्य हो गया ।

(3) मैं आपसे इसके बारे में कुछ नहीं कह सकता ।

(4) उसने तरह-तरह का रूप धारण किया ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**47.** इनमें से व्याकरणिक दृष्टि से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

(1) कश्मीर में अनेक दर्शनीय स्थल देखने योग्य हैं ।

(2) हत्यारे को मृत्यु दंड की सजा मिलेगी ।

(3) उनकी माता जी मथुरा गई हैं ।

(4) तमाम देशभर में बात फैल गई है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**48.** निम्न में से वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध शब्द का चयन कीजिए :

(1) पुरस्कार (2) कैकेयी

(3) पुनरावलोकन (4) माहात्म्य

(5) अनुत्तरित प्रश्न

8860481

49. इनमें से कौन सा वाक्य शुद्ध नहीं है ?
(1) तब यह काम जरूर हो जाएगा।
(2) थोड़ी देर बाद वे लौट आए।
(3) कृपया आप ही यह बताने का अनुग्रह करें।
(4) हमारे यहाँ नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबंध है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

50. शुद्ध वाक्य है
(1) वह कल दोपहर आ गया है।
(2) वह इतना तेज दौड़ा कि मैं पकड़ नहीं सकता।
(3) यदि आप नहीं आएँगे तो मैं वहाँ नहीं जाता।
(4) यदि आप आ सकें तो बड़ी कृपा हो।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

51. किस विकल्प में विराम-चिह्नों का समुचित प्रयोग हुआ है ?
(1) उसने कहा- 'मैं तो चला।'
(2) खाओ; पियो ! और मौज करो !
(3) क्या आपने प्रेमचंद का 'गोदान' पढ़ा है ?
(4) "वह, अच्छी तरह, समझाने पर भी – नहीं मानता।"
(5) अनुत्तरित प्रश्न

52. एक वाक्य को दूसरे वाक्य से, अथवा एक वाक्यांश को दूसरे वाक्यांश से, अथवा एक पद-समूह से अलग दिखलाने के लिए किस विराम-चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?
(1) योजक चिह्न (2) अर्द्ध विराम
(3) प्रश्न चिह्न (4) सम्बद्धता चिह्न
(5) अनुत्तरित प्रश्न

53. इनमें से व्याकरणिक दृष्टि से शुद्ध वाक्य की पहचान कीजिए :
(1) देश की वर्तमान मौजूदा हालत ठीक नहीं है।
(2) शोक है कि मैं आपके पत्र का उत्तर न दे सका।
(3) यह कार्य आप पर निर्भर करता है।
(4) लता ने गीत की दो-चार कड़ियाँ गायीं।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

54. इनमें से किस मुहावरे का निकटतम अर्थ सही नहीं है ?
(1) नाक-भौं चढ़ाना – क्रोध या घृणा करना।
(2) नाक में दम करना – परेशान करना।
(3) नाक का बाल होना – अधिक दुष्ट प्रवृत्ति का होना।
(4) नाक पर मक्खी न बैठने देना – अहसान न लेना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

55. 'इधर-उधर की हाँकना' मुहावरे का अभिप्राय है
(1) उलट-पुलट होना
(2) ठीक विषय पर बात न कर इधर-उधर की बात करना
(3) चुगली करना
(4) तितर-बितर करना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

56. निम्न में से किस मुहावरे का निकटतम अर्थ गलत है ?
(1) गरदन उठाना – विरोध करना।
(2) खटाई में पड़ना – बीच में कोई झंझट आ जाना।
(3) घाट-घाट का पानी पीना – अनेक तीर्थ-स्थलों की यात्रा करना।
(4) गरदन पर छुरी फेरना – हानि पहुँचाना।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

57. निम्नलिखित में से किस वाक्य में सही विराम-चिह्न का प्रयोग हुआ है ?
(1) न जाने अब क्या होगा ?
(2) वह स्कूल नहीं आया; क्योंकि वह बीमार पड़ा है !
(3) कृपया यह बताने का कष्ट करें – कि हम क्या पढ़ें।
(4) मानव-शरीर दुर्लभ है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**58.** 'नाम-धराई होना' मुहावरे का निकटतम अर्थ है

(1) नाम बार-बार रटना

(2) बदनामी होना

(3) नामकरण संस्कार होना

(4) किसी काम के लिए मशहूर होना

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**59.** इनमें से किस मुहावरे का अभिप्रायगत अर्थ त्रुटिपूर्ण है ?

| | | |
|---|---|---|
| (1) | ज़मीन पर पाँव न पड़ना | – अत्यधिक अभिमान करना । |
| (2) | चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना | – भय से मुँह का रंग फीका पड़ जाना । |
| (3) | सब्ज़-बाग दिखाना | – व्यर्थ की आशा देना । |
| (4) | ज़मीन चूमने लगना | – अपनी ज़मीन से बहुत लगाव रखना । |
| (5) | अनुत्तरित प्रश्न | |

**60.** इनमें से किस लोकोक्ति का अर्थ सही नहीं है ?

| | | |
|---|---|---|
| (1) | पर उपदेश कुशल बहुतेरे | – दूसरों को उपदेश देने वाले बहुत ही कम लोग होते हैं । |
| (2) | नेकी कर दरिया में डाल | – उपकार करते समय प्रत्युपकार की इच्छा नहीं रखनी चाहिए । |
| (3) | न नौ मन तेल होगा न राधा नाचेगी | – किसी शर्त के बहाने काम न करना । |
| (4) | नाच न जाने आँगन टेढ़ा | – अपनी अकुशलता को छिपाने के लिए बहाना बनाना । |
| (5) | अनुत्तरित प्रश्न | |

**61.** 'आँखें लाल-पीली करना' मुहावरे का सही निकटतम अर्थ किस विकल्प में है ?

(1) अपना नुकसान स्वयं करना ।

(2) मृत्यु के अधिक निकट होना ।

(3) बहुत अधिक नाराज होना ।

(4) अपनी असफलता पर लज्जित होना ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**62.** निम्न में से किस लोकोक्ति का अर्थ सही है ?

| | | |
|---|---|---|
| (1) | भागते भूत की लँगोटी ही सही | – लँगोट के सहारे ही भूत को पकड़ा जा सकता है । |
| (2) | माया को माया मिले कर-कर लंबे हाथ | – मोह-माया सबको अपने लपेटे में लेकर ही रहती है । |
| (3) | लकड़ी के बल बंदरी नाचे | – लाठी पर चढ़कर ही बंदरी अपना नाच दिखाती है । |
| (4) | दान की बछिया के दाँत नहीं देखे जाते | – मुफ़्त में मिली वस्तु की परीक्षा नहीं की जाती है । |
| (5) | अनुत्तरित प्रश्न | |

**63.** 'चोर चोरी से गया तो क्या हेरा-फेरी से गया' लोकोक्ति का सही अर्थ है

(1) किसी की प्रकृति में पूर्ण परिवर्तन नहीं हो जाता, उसका कुछ न कुछ अंश अवश्य रह जाता है ।

(2) अपराधी हमेशा शंकित रहता है ।

(3) जब कोई अपना ही आदमी धोखा देता है ।

(4) चोर में हिम्मत नहीं होती ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

**64.** 'कुएँ की मिट्टी कुएँ में लगती है' लोकोक्ति का निकटतम अर्थ है -

(1) बुरे काम का बुरा ही परिणाम होता है ।

(2) खुशी और ग़मी एक साथ देखने को मिलती है ।

(3) जहाँ से आमदनी होती है वहीं व्यय होना ।

(4) ग़लती किसी से भी हो सकती है ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

65. 'नानी क्वाँरी मर गई, नवासे के नौ-नौ ब्याह' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है

(1) प्रसिद्धि बहुत होना पर वास्तव में गुण न होना
(2) गलत जानकारी देना
(3) व्यर्थ शेखी बघारने वाला
(4) योग्यता से अधिक वस्तु का प्राप्त होना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

66. 'Counterfeiting' का हिंदी पारिभाषिक शब्द है

(1) कूटकरण (2) कलेवर
(3) कूटवाचन (4) प्रतिलोम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

67. निम्न में से 'Compensation' शब्द का पारिभाषिक शब्द कौन सा नहीं है ?

(1) मुआवजा (2) अनुरूप
(3) प्रतिकर (4) प्रतिपूर्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

68. निम्न में से किस लोकोक्ति का भावार्थ सही नहीं है ?

(1) आसमान का थूका मुँह पर आ गिरा – बरसात में बड़ी-बड़ी बूँदे सीधे मुँह पर आ पड़ी ।
(2) घर का जोगी जोगना, आन गाँव का सिद्ध – निकटस्थ या परिचित मनुष्य का उतना सम्मान नहीं होता जितना अपरिचित व्यक्ति का ।
(3) कभी नाव गाड़ी पर तो कभी गाड़ी नाव पर – समय पर एक दूसरे की सहायता की आवश्यकता पड़ती है ।
(4) ककड़ी के चोर की गर्दन नहीं नापी जाती – साधारण अपराध के लिए कठोर दंड नहीं दिया जाता ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

69. हिंदी पारिभाषिक रूप की दृष्टि से असंगत विकल्प का चयन कीजिए ।

(1) Legitimate – विन्यास
(2) Civil suit – दीवानी मुकदमा
(3) Infringe – अतिलंघन करना
(4) Decision – विनिश्चय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

70. किस विकल्प में अंग्रेजी-हिंदी पारिभाषिक शब्दों का सही मेल है ?

(1) Division Bench – संभाग टेबल
(2) Bequest – वसीयत
(3) Confession – असमंजस
(4) Forfeit – दुरस्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

71. 'Contagious' का हिंदी पारिभाषिक शब्द है

(1) संपीड़न (2) संदूषण
(3) सांसर्गिक (4) अभिधान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

72. निम्न में से 'Approach' का हिंदी पारिभाषिक नहीं है :

(1) उपागम (2) उपमार्ग
(3) दृष्टिकोण (4) उचित
(5) अनुत्तरित प्रश्न

73. अंग्रेजी और उसके हिन्दी पारिभाषिक शब्द की दृष्टि से असंगत विकल्प है

(1) Jurisdiction = न्यायिक क्षेत्र
(2) Justiciable = न्याय्य
(3) Judicious = न्यायसम्मत
(4) Juvenile = किशोर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

74. 'Conspicuous' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है

(1) धृति (2) धारणाधिकार
(3) ध्यानाकर्षी (4) संदेह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

75. किस विकल्प में अंग्रेजी शब्द का हिंदी पारिभाषिक रूप सही लिखा हुआ है ?
(1) Rejoinder – पुनः जोड़ना
(2) Gratuity – उपदान
(3) Grievous – परितोषण
(4) Venture – प्रच्छत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

76. निम्नलिखित में से किस विकल्प में अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का हिंदी पारिभाषिक शब्द सही नहीं है ?
(1) Projection – प्रकर्ष
(2) Counterfoil – प्रतिपर्ण
(3) Relics – पुरावशेष
(4) Fiscal – राजकोषीय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. निम्नांकित में से अंग्रेजी शब्द का असंगत हिंदी पारिभाषिक शब्द किस विकल्प में है ?
(1) Solemnize – आत्मीकरण
(2) Tribunal – अधिकरण
(3) Bar Council – विधिज्ञ परिषद्
(4) Versus – बनाम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. अंग्रेजी और उसके हिन्दी पारिभाषिक शब्द की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही है ?
(1) Cognizance = संज्ञेय
(2) Coherence = संसक्त
(3) Colloquium = दुरभिसंधि
(4) Collateral = संपार्श्विक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. 'Charge' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द नहीं है
(1) कार्य-भार (2) आरोप
(3) आवेश (4) प्रभार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

80. 'Recognizance' के लिए हिंदी पारिभाषिक शब्द होगा
(1) प्रत्यावर्तन (2) मुचलका
(3) अविरूपित (4) संज्ञानात्मक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. निश्चित समय के अन्दर किसी पत्र का उत्तर न प्राप्त होने की दशा में उत्तर प्राप्त करने के लिए कौन सा पत्र भेजा जाता है ?
(1) प्रेस विज्ञप्ति
(2) अनुस्मारक
(3) कार्यालय आदेश
(4) परिपत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. 'अधिसूचना' के संबंध में कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) इसे राजपत्र में प्रकाशित किया जाता है।
(2) यह अन्य पुरुष शैली में लिखी जाती है।
(3) इनका उपयोग सरकारी अधिकारियों की नियुक्ति, स्थानांतरण, पदोन्नति, वेतन वृद्धि, अवकाश, त्यागपत्र, अधिनियमों आदि की सूचना देने के लिए किया जाता है।
(4) यह किसी अधिकारी या व्यक्ति विशेष को सम्बोधित करके लिखी जाती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. 'Endorsement' का हिन्दी पारिभाषिक शब्द है
(1) मुखांकन (2) पृष्ठांकन
(3) प्रवर्तन (4) समेकन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**84.** अर्द्धशासकीय पत्र के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?
(1) इसमें विषय व संदर्भ लिखा जाता है ।
(2) संबोधन हस्ताक्षरकर्ता अधिकारी स्वयं लिखता है ।
(3) इसकी भाषा वैयक्तिक एवं मित्रतापूर्ण होती है ।
(4) इसमें उत्तमपुरुष का प्रयोग किया जाता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**85.** निम्न में से पत्र का कौन सा प्रारूप है, जो एक साथ एकाधिक अधीनस्थ कार्यालयों, अधिकारियों, अनुभागों को प्रेषित किया जाता है ?
(1) विज्ञप्ति (2) अर्द्ध-शासकीय पत्र
(3) अनुस्मारक पत्र (4) परिपत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**86.** कार्यालय आदेश के संबंध में कौन सा कथन असंगत है ?
(1) इस प्रारूप के मध्य में 'कार्यालय आदेश' लिखा जाता है ।
(2) इसमें संबोधन और अधोलेख का प्रयोग अवश्य होता है ।
(3) इस प्रारूप के दाईं ओर (नीचे की ओर) भेजने वाले अधिकारी का नाम कोष्ठक के बीच में लिखा जाता है ।
(4) इस प्रारूप में विषय और संदर्भ नहीं लिखे जाते ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**87.** निम्नलिखित में से निविदा सूचना के संबंध में असंगत विकल्प छाँटिए :
(1) इच्छुक व समर्थ सभी व्यक्तियों को कार्य करने का अवसर प्राप्त हो इसलिए उनके सूचनार्थ निविदा-सूचना विज्ञापित की जाती है ।
(2) 'निविदा' के विज्ञापन समाचार-पत्रों में भी छपवाए जाते हैं ।
(3) 'निविदा' खोलने की दिनांक व समय निर्धारित नहीं होता है ।
(4) निविदा प्रपत्र का शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रचार के मानदण्ड समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित किये जाते हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**नोट :** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (प्रश्न सं. **88** से **92**)

प्रश्न यही है कि प्रेम की भावना, जिसे हमने संवाद और पहचान की अनिवार्य शर्त माना है, क्या मनुष्य को सिर्फ कला और धर्म में ही उपलब्ध हो सकती है, या वह हर मनुष्य का वरदान और सामाजिक व्यवस्था की बुनियादी प्रतिज्ञा भी बन सकती है ? यह एक कसौटी है, जिसके आधार पर हमें अपनी सभ्यता, राज्य सत्ता और आर्थिक व्यवस्था को परखना होगा । हमें उन समस्त सिद्धान्तों, नीतियों, व्यवस्थाओं और क्रान्तियों को अस्वीकार करना पड़ेगा यदि वे मनुष्य की मनुष्य से पहचान को धुँधलाती हैं, उसके आत्म-उन्मूलन के भाव को गहरा करती हैं । दूसरे शब्दों में, हमें मानना होगा कि अधिनायकवादी व्यवस्था मनुष्य की पहचान और सार्थक संवाद के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा है, क्योंकि वह उस मार्ग को ही अवरुद्ध कर देती है जिस पर हर अधूरा मनुष्य सम्पूर्ण बनने का स्वप्न देखता है । 'सम्पूर्ण क्रान्ति' के बारे में अलग-अलग अटकलें लगाई जाती हैं, किन्तु हम इस छोटे-से सरल सत्य को भूल जाते हैं कि वही क्रान्ति सम्पूर्ण होती है जिसकी परिकल्पना में सम्पूर्ण मनुष्य होता है । मनुष्य ने अपनी सम्पूर्णता का बिम्ब जो आज तक कला और धर्म में देखा है, क्या उसे वह ऐसे समाज में उपलब्ध कर सकता है जहाँ वह स्वप्न में नहीं अपने दैनिक यथार्थ में सम्पूर्ण हो सके ? यह एक बिन्दु है, यहाँ मनुष्य, ईश्वर और कलाकार बराबरी के आधार पर एक-दूसरे से साक्षात्कार करते हैं । मुझे इसमें रंचमात्र भी सन्देह नहीं कि साक्षात्कार की यह सम्भावना केवल लोकतन्त्र में ही फलीभूत हो सकती है, अधिनायकवादी व्यवस्था में नहीं, उसका रूप चाहे कुछ भी हो । अधिनायकवादी व्यवस्था में दायित्व नहीं, डर रहता है, जबकि दायित्व की असली भावना केवल मनुष्य की स्वतन्त्रता से उत्प्रेरित होती है ।

88. मनुष्य की पहचान और सार्थक संवाद के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा किसे बताया गया है ?
(1) सामाजिक व्यवस्था
(2) अधिनायकवादी व्यवस्था
(3) सम्पूर्ण क्रांति
(4) राज्य सत्ता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. अधिनायकवादी व्यवस्था में लोगों में दायित्व की भावना का अभाव रहता है, क्योंकि
(1) इसमें सिद्धान्तों, नीतियों और व्यवस्थाओं का संतुलन नहीं होता ।
(2) इसमें कला और धर्म का अभाव होता है ।
(3) इसमें मनुष्य को पर्याप्त स्वतंत्रता नहीं होती ।
(4) इसमें मनुष्य को डर नहीं रहता ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. लेखक के अनुसार मनुष्य, ईश्वर और कलाकार में बराबरी के आधार पर एक-दूसरे से साक्षात्कार की संभावना निहित है
(1) धर्म में
(2) अधिनायकवादी व्यवस्था में
(3) लोकतंत्र में
(4) क्रांति में
(5) अनुत्तरित प्रश्न

91. गद्यांश के अनुसार 'सम्पूर्ण क्रांति' से तात्पर्य उस क्रांति से है
(1) जो मनुष्य की मनुष्य से पहचान को धुँधलाती है ।
(2) जिसकी परिकल्पना में सम्पूर्ण मनुष्य होता है ।
(3) जिससे लोगों में आत्म-उन्मूलन का भाव गहरा होता है ।
(4) जो शासकों में भय पैदा करती है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. लेखक के अनुसार संवाद और पहचान की अनिवार्य शर्त है
(1) कला (2) धर्म
(3) प्रेम-भावना (4) नीति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

860481

93. हिन्दी शब्दकोश के अनुसार निम्नलिखित में से किस विकल्प में सभी शब्द क्रमानुसार सही रखे गए हैं ?
(1) ज्ञेय, जंत्र, ज्योति (2) जंत्र, ज्योति, ज्ञेय
(3) ज्योति, ज्ञेय, जंत्र (4) जंत्र, ज्ञेय, ज्योति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. किस विकल्प में सभी शब्द हिन्दी शब्दकोश के अनुसार सही क्रम में हैं ?
(1) शौर्य, श्याम, श्रम, श्वेत
(2) श्रम, श्याम, श्वेत, शौर्य
(3) श्रम, श्वेत, शौर्य, श्याम
(4) शौर्य, श्वेत, श्याम, श्रम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. निम्नलिखित शब्दों का हिन्दी शब्दकोश के अनुसार सही क्रम होगा :
(i) क्वार (ii) क्षत्रिय (iii) कंगन (iv) क्षोभ
**विकल्प :**
(1) (i), (ii), (iii), (iv)
(2) (iii), (i), (ii), (iv)
(3) (ii), (i), (iii), (iv)
(4) (iii), (ii), (iv), (i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. देवनागरी लिपि के मानक स्वरूप की दृष्टि से असंगत कथन है
(1) द्वन्द्व समास में पदों के बीच योजक चिह्न रखा जाए ।
(2) सा, जैसा आदि से पूर्व योजक रखा जाए ।
(3) सामान्यतः तत्पुरुष समास में योजक लगाने की आवश्यकता नहीं है ।
(4) सर्वनाम के साथ दो विभक्ति-चिह्न हों तो दोनों अनिवार्यतः मिलाकर लिखे जाएँ ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. मानक देवनागरी लिपि की दृष्टि से निम्नलिखित में से कौन सा संख्यावाचक शब्द अशुद्ध है ?
(1) चौवालीस (2) उनचालीस
(3) तिरपन (4) उनासी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. देवनागरी लिपि के मानक स्वरूप की दृष्टि से कौन सा शब्द सही नहीं है ?
(1) कुत्ता (2) संयुक्त
(3) कच्चा (4) लट्टू
(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. हिन्दी शब्दकोश में इनमें से क्रमानुसार सबसे पहले आने वाला शब्द है
(1) नकेल (2) न्याय
(3) नक्षत्र (4) नग्न
(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. हिन्दी स्वर-विषयक असंगत कथन है

(1) स्वर घोष वर्ण होते हैं।

(2) 'अ' ह्रस्व स्वर है।

(3) 'वैयाकरण' में 'ऐ' संयुक्त स्वर है।

(4) ई, ऊ महाप्राण ध्वनि है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

101. 'ड़्' वर्ण के परिचय संबंधी कौन सा विकल्प सही है ?

(1) उत्क्षिप्त, मूर्धन्य, सघोष, अल्पप्राण

(2) उत्क्षिप्त, तालव्य, सघोष, अल्पप्राण

(3) उत्क्षिप्त, मूर्धन्य, अघोष, अल्पप्राण

(4) उत्क्षिप्त, मूर्धन्य, सघोष, महाप्राण

(5) अनुत्तरित प्रश्न

102. 'र्' वर्ण किस वर्ग के अन्तर्गत आता है ?

(1) उत्क्षिप्त (2) अनुनासिक

(3) पार्श्विक (4) लुंठित

(5) अनुत्तरित प्रश्न

103. कौन सा वर्ण-परिचय गलत है ?

(1) 'न्' – नासिक्य, अल्पप्राण

(2) 'म्' – ओष्ठ्य, सघोष

(3) 'ण्' – मूर्धन्य, अल्पप्राण

(4) 'ञ्' – तालव्य, अघोष

(5) अनुत्तरित प्रश्न

104. संयुक्त व्यंजन 'क्ष्' किन वर्णों से मिलकर बना है ?

(1) क् + स् (2) क् + श्

(3) क् + ष् (4) क् + छ्

(5) अनुत्तरित प्रश्न

105. निम्न में अग्र स्वर कौन सा है ?

(1) ऊ (2) ऐ

(3) ओ (4) औ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

106. सर्वनाम से निर्मित संज्ञा शब्द है

(1) तिरस्कार (2) धिक्कार

(3) अच्छाई (4) अहंकार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

107. निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा से निर्मित भाववाचक संज्ञा है :

(1) दासत्व (2) कठोरता

(3) सजावट (4) ममत्व

(5) अनुत्तरित प्रश्न

108. 'जो' किस प्रकार का सर्वनाम है ?

(1) पुरुषवाचक (2) निश्चयवाचक

(3) संबंधवाचक (4) अनिश्चयवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

109. किस वाक्य में निजवाचक सर्वनाम का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) मैं अपनी पुस्तक ले जा रहा हूँ।

(2) आप कृपया यहाँ बैठिए।

(3) आप किसी को भेजिए नहीं, मैं आप आ जाऊँगा।

(4) मैं अपने देश के लिए सब-कुछ न्यौछावर करने को तैयार हूँ।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

110. दिए गए विकल्पों में 'कोई' सर्वनाम है

(1) अनिश्चयवाचक (2) संबंधवाचक

(3) पुरुषवाचक (4) निश्चयवाचक

(5) अनुत्तरित प्रश्न

111. व्यक्तिवाचक संज्ञा का जातिवाचक संज्ञा के रूप में प्रयोग किस वाक्य में हुआ है ?

(1) देश में जयचंदों की कमी नहीं है।

(2) कभी-कभी दूरियाँ ही अपनेपन का आभास कराती हैं।

(3) शास्त्री जी भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री थे।

(4) पुरी की पवित्रता सर्वविदित है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

112. किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण नहीं है ?
(1) क्या यह कलम तुम्हारी है ?
(2) उस किताब को यहाँ ले आइए ।
(3) कोई सज्जन आए हुए हैं ।
(4) कक्षा में साठ छात्र पढ़ते हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

113. प्रेरणार्थक क्रिया से युक्त वाक्य कौन सा है ?
(1) रमेश पुस्तक पढ़ रहा है ।
(2) मालिक ने नौकर से दरवाजा खुलवाया ।
(3) चिड़िया आकाश में उड़ रही है ।
(4) बच्चे क्रिकेट खेल रहे हैं ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

114. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया रूप है ?
(1) लड़के मैदान में दौड़ रहे हैं ।
(2) कबूतर आकाश में उड़ रहे हैं ।
(3) बच्चा सो रहा है ।
(4) मैं समाचार-पत्र पढ़ रहा हूँ ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

115. किस विकल्प में सभी शब्द रीतिवाचक क्रियाविशेषण हैं ?
(1) फटाफट, थोड़ा-थोड़ा, अचानक
(2) अनायास, एकाएक, कदाचित्
(3) केवल, यथेष्ट, अवश्य
(4) ध्यानपूर्वक, बराबर, कितना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

116. 'लगातार, सदा, तुरंत' शब्द कौन से क्रियाविशेषण के उदाहरण हैं ?
(1) कालवाचक (2) स्थानवाचक
(3) परिमाणवाचक (4) रीतिवाचक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

117. किस विकल्प के सभी शब्द गुणवाचक विशेषण हैं ?
(1) अधिक, सारा, चिकना
(2) पुराना, बुरा, नुकीला
(3) लाल, इतना, बहुत
(4) थोड़ा, भला, कुछ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

118. कौन सा रेखांकित शब्द संबंधबोधक अव्यय का उदाहरण नहीं है ?
(1) घर के <u>पीछे</u> पेड़ हैं ।
(2) बच्चों के <u>बिना</u> घर सूना-सूना लगता है ।
(3) मुरली से <u>पहले</u> नवीन को बुलाओ ।
(4) वहाँ भी अनेक क्रूर <u>तथा</u> भयानक उपचार किये जाते थे ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

119. 'धन के लिए परिश्रम करना पड़ता है' वाक्य में 'के लिए' की व्याकरणिक कोटि है
(1) क्रियाविशेषण
(2) समुच्चयबोधक अव्यय
(3) विस्मयादिबोधक अव्यय
(4) संबंधबोधक अव्यय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

120. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द संबंधबोधक अव्यय के उदाहरण नहीं हैं ?
(1) निकट, प्रति, द्वारा
(2) तो भी, तथा, यद्यपि
(3) विपरीत, पर्यंत, अधीन
(4) अपेक्षा, अनुरूप, रहित
(5) अनुत्तरित प्रश्न

121. 'छात्र पूरे वर्ष बीमार था, फलतः उत्तीर्ण नहीं हो सका' वाक्य में प्रयुक्त अव्यय का प्रकार है
(1) विस्मयादिबोधक (2) संबंधबोधक
(3) क्रियाविशेषण (4) समुच्चयबोधक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

122. समुच्चयबोधक अव्यय युक्त वाक्य है
(1) हवा चली और पानी बरसा ।
(2) धन के बिना किसी का काम नहीं चलता ।
(3) नौकर गाँव तक गया ।
(4) राम बहुत धीरे चलता है ।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

123. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण का उदाहरण है
(1) परस्पर (2) परे
(3) यथासंभव (4) निपट
(5) अनुत्तरित प्रश्न

124. विस्मयादिबोधक अव्ययों के विषय में कौन सा विवरण गलत है ?
(1) इनसे प्रशंसा, प्रसन्नता, शोक, घृणा आदि मनोभाव सूचित होते हैं।
(2) ये वाक्य के अभिन्न अंग होते हैं।
(3) ये वाक्य के प्रारंभ में आते हैं।
(4) इनके आगे विस्मयादिबोधक चिह्न लगाया जाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

125. किस शब्द समूह में सभी शब्द तत्सम हैं ?
(1) छत्र, कंकण, कज्जल
(2) अँधेरा, कपाट, आज
(3) स्वर, आँसू, दस
(4) उँगली, मुखिया, बिंदु
(5) अनुत्तरित प्रश्न

126. किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं ?
(1) तीक्ष्ण, झट, जहाँ, शकल
(2) तीता, त्वरित, युवान, चाँद
(3) यम, चौक, शकट, घृत
(4) छिद्र, जटा, यूथ, ज्वलन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

127. निम्नलिखित में कौन सा शब्द तत्सम नहीं है ?
(1) शिला (2) शून्य
(3) सतसई (4) साधु
(5) अनुत्तरित प्रश्न

128. निम्नांकित में से सारे तत्सम शब्दों वाला समूह है :
(1) दर्शन, अक्षर, राजा, स्वामी
(2) प्रस्तर, नैन, बन्दर, बाघ
(3) दाँत, गुसाईं, कर्ण, गुन
(4) अश्रु, आलस्य, सूत, पंख
(5) अनुत्तरित प्रश्न

129. तिरस्कारवाची विस्मयादिबोधक के अन्तर्गत कौन सा शब्द आता है ?
(1) अहा (2) अहो
(3) चुप (4) ऊह
(5) अनुत्तरित प्रश्न

130. 'गोधूम' का तद्भव है :
(1) गाय (2) गेहूँ
(3) धुआँ (4) धूम
(5) अनुत्तरित प्रश्न

131. निम्नांकित में से सारे तद्भव शब्दों वाला समूह है :
(1) आश्चर्य, आँख, आम, ऊँचा
(2) पंथ, वधू, लाज, पत्र
(3) जेठ, चाक, साँवला, ससुर
(4) मयूर, निद्रा, नव, दही
(5) अनुत्तरित प्रश्न

132. किस विकल्प में तद्भव शब्द है ?
(1) क्षेत्र (2) कौड़ी
(3) ग्राहक (4) कटक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

133. निम्नांकित शब्दों में विदेशी शब्द है :
(1) भ्राता (2) गमला
(3) उल्का (4) नाच
(5) अनुत्तरित प्रश्न

134. केवल विदेशी शब्दों का समूह कौन सा है ?
(1) इमारत, मलाई, सूखा
(2) सरकार, नमक, देहात
(3) मेहमान, सितार, काठ
(4) आदमी, अदालत, पीठ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

135. निम्नलिखित में से संधि की दृष्टि से त्रुटिपूर्ण विकल्प है :
(1) भानु + उदय = भानूदय
(2) सु + सुप्ति = सुशुप्ति
(3) षट् + मास = षण्मास
(4) इति + आदि = इत्यादि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

136. निम्नलिखित शब्दों में तद्भव शब्द है :
(1) कृषक (2) अंचल
(3) खाँसी (4) एकत्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

860481

137. संधि-विच्छेद की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही है ?
(1) अन्वेषण = अनु + ऐषण
(2) वाङ्मय = वाक् + मय
(3) दिग्गज = दिग + गज
(4) अजन्त = अच + अन्त
(5) अनुत्तरित प्रश्न

138. संधि की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुसंगत नहीं है ?
(1) देव + ऋषि = देवर्षि
(2) महा + ऋषि = महर्षि
(3) सप्त + ऋषि = सप्तर्षि
(4) वर्षा + ऋतु = वर्षार्तु
(5) अनुत्तरित प्रश्न

139. निम्नलिखित में से किस विकल्प के सभी शब्द व्यंजन संधि से निर्मित हैं ?
(1) वागीश, सदानंद, महच्छत्र
(2) प्रत्येक, चन्द्रोदय, अब्ज
(3) यद्यपि, कल्पांत, अम्मय
(4) अभीष्ट, सज्जन, परमौषध
(5) अनुत्तरित प्रश्न

140. किस शब्द में दो उपसर्गों का प्रयोग हुआ है ?
(1) अधिराज (2) अभ्यस्त
(3) अभ्यागत (4) अधिष्ठाता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

141. किस शब्द में 'कु' उपसर्ग नहीं है ?
(1) कुशल (2) कुकर्म
(3) कुमति (4) कुपात्र
(5) अनुत्तरित प्रश्न

142. संधि की दृष्टि से कौन सा विकल्प सुसंगत नहीं है ?
(1) एक + एक = एकैक
(2) मत + ऐक्य = मतेक्य
(3) सदा + एव = सदैव
(4) महा + औदार्य = महौदार्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

143. किस शब्द में एकाधिक उपसर्गों का प्रयोग हुआ है ?
(1) सुगम (2) प्रत्यक्ष
(3) प्रत्युपकार (4) परिधि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

144. निम्नलिखित में से 'सु' उपसर्ग से निर्मित शब्द नहीं है :
(1) सुन्दर (2) सुरभि
(3) स्वल्प (4) सुलभ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

145. निम्नलिखित में से 'री' प्रत्यय से निर्मित शब्द है :
(1) कोठारी (2) पुजारी
(3) भिखारी (4) बाँसुरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

146. निम्नलिखित में से शब्द और उसमें प्रयुक्त प्रत्यय की दृष्टि से असंगत विकल्प है :
(1) शिक्षक – अक (2) सौर – अ
(3) मध्यम – म (4) रमणीय – ईय
(5) अनुत्तरित प्रश्न

147. किस शब्द में 'आन' प्रत्यय नहीं है ?
(1) लगान (2) उड़ान
(3) उठान (4) महान
(5) अनुत्तरित प्रश्न

148. दो प्रत्यय वाला शब्द कौन सा है ?
(1) विशेषता (2) कटुता
(3) कविता (4) मानवता
(5) अनुत्तरित प्रश्न

149. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'त्य' प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) पाश्चात्य (2) पांडित्य
(3) नित्य (4) अमात्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

150. निम्नलिखित में से उपसर्ग रहित शब्द है :
(1) आस्था (2) आस्तिक
(3) आसक्ति (4) सूक्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

860481

## रफ कार्य के लिए स्थान / SPACE FOR ROUGH WORK

860481
860481
860481
860481